**लोक शिक्षण संचालनालय ,मध्यप्रदेश**
गौतम नगर, भोपाल – 462021
ई–मेल physicaldpi@mp.gov.in

क्रमांक / शा.शि. / ए / 12 / सुब्रतो / 2023–24 / 582 भोपाल दिनांक 11/07/2023

प्रति,

1. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, म.प्र.
सतपुडा भवन, भोपाल।
2. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक,
लोक शिक्षण, संभाग म.प्र.।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला मध्य प्रदेश।

विषयः– जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबाल बालक वर्ग 14, 17 एवं 17 वर्ष से कम बालिका वर्ग प्रतियोगिताओं 2023 के आयोजन किये जाने के संबंध में।

संदर्भः– सुब्रोतो मुखर्जी फुटबाल फोर्स स्पोर्टस कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली के पत्र क्र. एएमसी / 101 / 2023 दिनांक 3 जुलाई 2023,

''00''

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबाल सबजूनियर, 14, जूनियर 17 से कम बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग जूनियर 17 वर्ष से कम की प्रतियोगिताओं 2023 का आयोजन दिनांक 14 सितम्बर से 23 अक्टुबर 2023 तक नई दिल्ली एवं बैंगलोरू में किया जा रहा है।

उक्त प्रतियोगिता में म.प्र. शालेय फुटवाल दलों को शामिल कराए जाने हेतु निम्नानुसार जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन कराये जाने हेतु तिथियाँ एवं स्थान निर्धारित की जाती हैः–

1. **उक्त आयु वर्गो की विद्यालय से जिला एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन** 1 अगस्त **2023 के पूर्व** स्थानीय क्रीड़ा निधि से जिला शिक्षा अधिकारी एवं संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण के द्वारा आयोजित कराई जावे।
2. राज्य स्तरीय बालक 14,17 वर्ष आयु वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 4 से 7 **अगस्त** 2023 तक जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर के द्वारा आयोजित कराई जावेगी।
3. राज्य स्तरीय बालिका 17 वर्ष आयु प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 6 से 8 **अगस्त** 2023 तक जिला शिक्षा अधिकारी हरदा के द्वारा आयोजित कराई जावेगी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर एवं हरदा के द्वारा समस्त व्यवस्थाओं को समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जावे। प्रतियोगिता हेतु आवश्यक राशि प्रति आयु वर्ग 50,000/– व्यय किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। प्रतियोगिता के समाप्ति के दूसरे दिन विजेता टीमों का पूर्ण अभिलेख संचालनालय को अनिवार्य रूप से भेजा जावे, ताकि विजेता दलों की एण्ट्री राष्ट्रीय स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता में म.प्र. दल को सम्मिलित कराए जाने हेतु अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 तक भेजी जा सके।

संलग्नः–सुब्रोतो फुटबाल का पत्र।

(अनुभा श्रीवास्तव) 10/7
आयुक्त
लोक शिक्षण म.प्र.

पृष्ठा. क्रमांक / शा.शि. / ए / 09 / सुब्रतो / 2022–23 / 583 भोपाल दिनांक 11/07/2023

प्रतिलिपिः–

1. महा सचिव, सुब्रोतो मुखर्जी फुटबाल एयर फोर्स स्पोर्टस कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली के पत्र क्र. एएमसी / 101 / 2023 दिनांक 3 जुलाई 2023, के प्रकाश में सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिला शिक्षा अधिकारी, सीहोर एवं हरदा की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की समस्त तैयारी पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

आयुक्त 10/7
लोक शिक्षण म.प्र.